" जीवनस्य मूलं जलम् अस्ति नूनम् "

कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा

RAMBHA GROUP OF INSTITUTION

विद्यैव सर्वधनम

RAMBHA COLLEGE OF EDUCATION ESTD 2018

NAAC GRADE B++

RAMBHA COLLEGE ESTD-2020 विद्यैव सर्वधनम्

# OUR RIVER FUTURE CULTURE

02nd May 2026

## Drops of Hope

Every Drops Count . . . Save Water



Venue: Maharshi Valmiki Hall, Rambha Group of Institution, Gitilata, Tata Hata Main Road, Jamshedpur, Jharkhand - 832107



**श्री राम बचन**
**अध्यक्ष, रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह**

ऐसा माना जाता है कि जल में आध्यात्मिक शक्तियों का वास होता है। किसी भी काम का शुभारंभ और उसका विसर्जन इसी जल से होता है। हमारे धार्मिक संस्कार में भी जल की महत्ता हमेशा से बनी रही है। जल के संरक्षण और जल के महत्व को समझने के लिए तमाम उत्सव और त्योहार बनाये गए हैं। वर्तमान समय में सूर्य उपासना के महापर्व छठ को जल संरक्षण के लिए उपयुक्त माना जा सकता है, क्योंकि इसमें जलाशयों को साफ कर महिलाएं पूजन करती हैं। कई बार तो जब कहीं जल नहीं होता तो वहां लोग जल भरने की व्यवस्था करते हैं। कहा जाता है कि एक जलाशय का निर्माण कराना तीर्थ करने के बराबर पुण्य देता है। ऐसे में आज की नई पीढ़ी को जल संरक्षण और जल पूजन के लिए प्रेरित करना एक अनिवार्य विषय बन जाता है। अपेक्षा है कि यह कार्यशाला इस दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभायेगा।



**Mr. Gourav Bachan**
**Secretary, Rambha Group of Institution**

It gives us immense pleasure to announce that our college is set to publish a magazine in 2026. The thoughts and perspectives of the faculty, management and students have been categorized under specific themes, such as—Our River, Our Future and Our Culture. Through education and awareness, every new transformation is becoming possible. This represents our humble endeavor to share a glimpse of knowledge with others. I extend my heartfelt congratulations for this commendable initiative and wish everyone a bright future.



**Dr. Devendra Nath Tiwari**
**Senior professor of Philosophy(Retd), BHU, Varanasi**

## Our Rivers, the Centre of Indian Culture

Rivers and culture are inseparably related. The rivers themselves are cultural identities and are cause of cultures as well. They are the life of Social, Economic, Academic and Cultural prosperity as well. No life, no nature, no environment on the planet is possible without freshwater and rivers are the resources of freshwater. In the prehistoric history, the first ever battle named Dāśarājña mentioned in the 7 th mandal of Ṛgveda was fought between the king Sudasa, in the guidance of sage vasisitha and confederacy /association of ten tribal kings was fought for the distribution and management of the water resources on the bank of river paruṣṇī, now called river ' Rāvī'. Culture comprises the collective creativity of both the humans and the nature surrounding us. It is because of it that the culture since the dawn of life on earth incessantly flows like the current of the river and the changes are marked differently with different names at different time, space, situation, rites, rituals, ethics and ethos associated with those differences. Culture comprises not only individual and collective human achievements but imaginations, desires, expectations and aspirations as well. It is the enculturation of the creativity in all aspects and areas that is life and thoughts, values and perspectives in different periods of time and skill, craft, sculpture, language, literature and philosophy that we collectively distinguish 'Culture' of that period of the region'. It is their creativity that comprises the values essential and useful for collective living, gradual progress of the system and potency to accept and celebrate the changes of the modernity. Like a digger who while digging the well gets muddled but when the water flows from the well he takes bath and removes the mud, similarly there may be conflict on the surface level of culture with modernity but that does not obstruct the inner spirit of the culture (antaranga sanskāro vahiranga sanskāreṇa na vādhyate). It welcomes changes coming from outside with a sense that external challenges are not limiting factors of the internal rather the internal culture is potency that absorbs them in its feature and transform them fitting to its Indian-ness. We can understand this creativity with the illustration of the Ganges that springs from the Gomukha, flows down fast dividedly in different currents through the surrounding stones and glaciers. Carrying innumerable minerals, chemical elements, trees, plants and stones with the currents; it leaves something behind and takes up some other things from innumerable places in

its journey from Gomukha to Gangāsāgar and lastly meets with Indian Ocean. It is this creativity of the river Ganges that cultivates thousands kilometer of distance of land, gives birth to many stories, folk lore, dances associated; it makes the territory more fertile and the social and cultural living of the people safe, sound and happy, gives birth to different cities across both the sides. It is current of life and Indians in the past and the present venerate it as Mother (Gangā Mā) that is a cultural address to the river Gangā.



**Dr. Biswajit Bera**
**Department of Geography, Sidho-Kanho-Birsa University, West Bengal**

A river is a channelized flow of water carrying sediments, with a source, confluence, and banks. It forms a boundary between aquatic and terrestrial environments and is shaped by hydrology, climate, geomorphology, soil, environment, land use, and pollution.. The functions of natural ecosystems are now termed 'ecosystem services' that are helpful for humans.. The growth of human civilization is being greatly influenced by a wide range of river ecosystem services (ES). In ancient India, major rivers like the Indus, the Ganges, the Brahmaputra, and their tributaries served as primary, efficient, and vital arteries for internal trade and transportation.They connected inland production hubs to coastal ports, with iconic sites such as Lothal, Pataliputra, and Mathura acting as key riverine shipping centers. The aesthetic values of river channel patterns like sinuous, meandering, and braided, and bed loads like rounded boulders, pebbles, cobbles, and gravels, and mirroring water of rivers inculcate in the minds of painters, sculptors, and tourists. Except for the river-centric festival Tusu, other river-related festivals include Karam (Jharkhand/Bengal), muri (puffed rice), Kenjakura (Bankura), Bhadu (West Bengal), and the broader Makar Sankranti rituals that occur on riverbanks like the Ganga, Damodar, Subarnarekha, and Dwarkeshwar River. River health and ecosystem services are rapidly deteriorating due to human activities in river corridors. Strong river ethics and strict regulations are needed to restore rivers and protect human civilization.



**Dr. Suchitra Behra**

**Associate professor & H.O.D. Department of Education.(M.Ed).kolhan University, Chaibasa**

Dear Organizing Committee,

I extend my heartfelt best wishes to all of you for organizing the workshop on the theme "Our River, Our Culture, and Our Future" in your esteemed Rambha college of Education.

This initiative is truly commendable, as rivers are not only vital natural resources but also deeply connected to our cultural heritage, traditions, and everyday life. A workshop on such a meaningful theme will surely create awareness among students and participants about the importance of conserving rivers and understanding their role in shaping our identity and future.

I congratulate the organization for their efforts on this burning issue.This workshop will provide a valuable platform for knowledge sharing, thoughtful discussions, and innovative ideas. It will inspire participants to reflect on environmental sustainability and encourage collective responsibility towards preserving our rivers.

May the event be a grand success and achieve all its objectives. I wish the organizing team great success in their efforts and hope the workshop leaves a lasting impact on everyone involved.

With best wishes,



**Dr. Manoj Kumar**

**Associate Professor, Department of Education, Kolhan University Chaibasa**

Water resources are an essential strategic assets for sustainable development and determinant of human life and socioeconomic progress. Water resource security is seriously threatened in many areas due to the limited supply, unequal distribution and declining environmental quality of water resources, which are major barriers to sustainable development.

A growing number of places are facing water security problems, including droughts and water environmental degradation due to population growth, economic expansion and climate change. With rising population and water demand , achieving water security having enough water for food, energy, health, and livelihoods is increasingly difficult.

Climate change is primarily a water crisis. Its impacts through floods, rising sea levels, shrinking ice fields, wildfires and droughts. Water can help fight climate change via Sustainable water management building resilience and reducing carbon emissions. Everyone has a role, actions at the individual level are vital. Understanding climate impacts is essential for future planning. Rising temperatures and hydrological cycle changes, intensify scarcity, floods, and pollution. Climate variability causes rapid spatial and temporal changes occur rapidly making information obsolete. Major challenges include shrinking glaciers, ice caps and snow fields are rapidly disappearing, droughts and wildfires destabilize communities and trigger unrest and migration. Growing demand increases the need for energy-intensive water pumping.

Solutions include improving carbon storage, protecting natural buffers, harvesting rainwater, adopting climate-smart agriculture, reusing wastewater and sustainable groundwater use.



**Dr. Debasis Ghosh**
**Associate Professor and Former Head,**
**Department of Geography, University of Calcutta**

## Livelihood-Sustaining Ecological and Disaster-Prone Geomorphic Fluvial Landscapes in the CGGC and Gangetic Plain of Eastern India

Since time immemorial, rivers have functioned as the backbone of the socio-economic and cultural dimensions of human society. The human–river relationship is fundamentally symbiotic, although its nature has changed with the progressive humanization of the natural environment. In this context, the present study focuses on the relationship between rivers and humans, the ecosystem services provided by river systems, and fluvially induced natural hazards in selected river systems of eastern India. The CGGC river system, developed over a Precambrian crystalline basement terrain, is characterized by hard-rock hydro-geomorphology, seasonal runoff variability, limited groundwater storage potential, semi-arid climatic conditions, and relatively low anthropogenic modification in comparison with regulated alluvial river systems. In contrast, the alluvial river systems of the fertile Gangetic Plain represent highly anthropogenically modified and hazard-prone fluvial landscapes, where riverbank erosion and recurrent flooding have historically influenced human society, settlement characteristics, and land-use patterns. Various modern and advanced instruments and techniques have been developed for measuring, monitoring, and managing such fluvial environments. Remote Sensing (RS), Geographic Information Systems (GIS), Total Station surveys, sediment analysis, and diverse statistical methods are applied to quantify the geomorphic characteristics of fluvial landscapes and to model human–environment interactions. Riverbank erosion at the mouza level, along with its future prediction, has been quantified for the Ganga River in the districts of Malda and Murshidabad, as well as for the Bhagirathi River in Purba Bardhaman district. Total Station surveys have been conducted along the Dwarakeswar, Ajoy, Kumari, and Damodar rivers to measure channel morphology, identify fluvial features, and estimate channel discharge capacity. Within the flood-prone landscape of the Damodar River, vulnerability zones have been delineated using RS/GIS integrated with various statistical techniques. Sedimentological and discharge analyses have been carried out to understand historical flow characteristics and to predict future hydrological behaviour. In addition, Ridit analysis has been employed to assess the risk perception, adaptive behaviour, and local coping mechanisms. On the other hand, in the water-stressed region of the CGGC, groundwater potential zone mapping is important for sustainable water-resource management. In the Gandheswari River Basin, groundwater potential zones have been delineated using RS/GIS techniques to identify suitable areas for groundwater exploration, recharge, and long-term resource planning. Moreover, to evaluate the degree of symbiotic relationship between human society and riverine water resources, the Human–Water Harmony Model has been applied in the Kumari River Basin based on indicators of the water environment, human development, and human–water coordination. In addition, Importance–Performance Analysis (IPA) has been used to assess community perception regarding the ecosystem services generated by dams constructed within the Kumari River system. This perception-based evaluation identifies the gap between the expected and actual benefits of dam-induced ecosystem services. The study therefore represents the dual function of fluvial landscapes: they are simultaneously life-supporting ecological systems and hazard-producing geomorphic systems. Managing both situations requires a scientific and socially inclusive watershed management framework.



**डॉ. दीपांजय श्रीवास्तव**
विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग परीक्षा नियंत्रक,
लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कालेज, जमशेदपुर

## हमारी नदियां, हमारा भविष्य, हमारी संस्कृति और धर्म

भारत भूमि में नदियाँ केवल जलधारा नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति, आस्था और सभ्यता की अमूल्य धरोहर हैं। हमारे वेद, पुराण, रामायण और महाभारत में नदियों का बार-बार महत्त्व बताया गया है। ऋग्वेद में नदियों की स्तुति करते हुए कहा गया है– "इमा मे गंगे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या।" अर्थात हे गंगा, यमुना, सरस्वती आदि नदियों! हमारे स्तुति गीत को स्वीकार करें। यह मंत्र दर्शाता है कि प्राचीन काल से ही नदियाँ पूजनीय रही हैं। पुराणों में गंगा को मोक्षदायिनी कहा गया है– "गंगा गंगेति यो ब्रूयात् योजनानां शतैरपि। मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति॥" अर्थात जो दूर रहकर भी श्रद्धा से गंगा का नाम लेता है, वह पापों से मुक्त होकर श्रेष्ठ गति को प्राप्त करता है। आज दुर्भाग्य से हमारी माता स्वरूपा नदियाँ प्रदूषण, प्लास्टिक, रासायनिक कचरे और अतिक्रमण से पीड़ित हैं। यह जानते हुए कि नदियाँ हमारे भविष्य की आधारशिला हैं। खेती, पशुपालन, उद्योग, पेयजल और पर्यावरण सभी नदियों पर निर्भर है। यदि हमने समय रहते नदियों को नहीं बचाया, तो जल संकट, पर्यावरण संकट और सांस्कृतिक संकट उत्पन्न होगा। अतः नदियों की रक्षा ही हमारे भविष्य, हमारी संस्कृति और हमारे धर्म की रक्षा है।



**श्री विवेक बचन**
**सहसचिव, रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह**

जल ही जीवन है और जीवन से जुड़े इसी जल की महत्ता का गुणगान सभी धर्मों में किया गया है। इसकी महिमा का वर्णन करते हुए तमाम परंपराओं और पूजा आदि को इससे जोड़ दिया गया है। आचमन से लेकर अंतिम संस्कार तक के प्रयोग में जल का प्रयोग ही लाया जाता है। जल संरक्षण के लिए तमाम पूजा-पाठ और त्योहार व उत्सव भी बनाये गये हैं। पृथ्वी पर जन्म लेने से लेकर परलोक गमन प्रक्रिया में भी इसी जल का इस्तेमाल होता है। जल की महिमा का बखान प्राचीन वेदों से लेकर सभी धर्मग्रंथों में किया गया है।  पर भौतिकता की आंधी और मनुष्य के स्वार्थ की पराकाष्ठा ने जल के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह के विद्यार्थियों को इस ज्वलंत विषय पर जागरूक करने और संवेदनशील बनाने के लिए भी इस एक दिवसीय कार्यशाला को आकार दिया जा रहा है । मैं अपेक्षा करता हूं कि हम अपने लक्ष्य में सफल होंगे।



**डॉ. कविता परमार**
**असिस्टेंट प्रोफेसर, बी. डी कॉलेज, पटना**

## "हमारी नदी, हमारा भविष्य, हमारी संस्कृति"

यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी पहचान का गहरा सत्य है। नदियाँ हमारे जीवन की धड़कन हैं,वे चुपचाप बहते हुए हमें जल, अन्न और जीवन देती हैं। उनके किनारों पर हमारी सभ्यताएँ पली-बढ़ीं, हमारी कहानियाँ जन्मीं और हमारी संस्कृति ने आकार लिया। हर नदी अपने साथ इतिहास, परंपरा और आस्था की अनगिनत धाराएँ लेकर चलती है। जब सुबह की पहली किरण नदी की सतह पर पड़ती है, तो वह केवल जल को नहीं, बल्कि हमारी उम्मीदों को भी उजाला देती है। हमारे त्योहार, हमारे गीत, और हमारी प्रार्थनाएँ नदियों से जुड़ी हुई हैं। वे हमें प्रकृति से और एक-दूसरे से भी जोड़ती हैं। लेकिन आज वही नदियाँ हमारे व्यवहार से आहत हैं। प्रदूषण, अतिक्रमण और लापरवाही ने उनके स्वच्छ प्रवाह को बाधित कर दिया है। यदि नदियाँ बीमार होंगी, तो हमारा भविष्य भी कमजोर हो जाएगा, और हमारी संस्कृति की जड़ें भी सूखने लगेंगी। समय की पुकार है कि हम नदियों के प्रति अपने कर्तव्य को पहचानें। उन्हें स्वच्छ और जीवंत बनाए रखना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि अपनी पहचान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। जब हम नदियों को बचाएँगे, तभी हम अपने भविष्य और अपनी संस्कृति को भी सहेज पाएँगे।



**डॉ. कल्याणी कबीर**
**प्रिंसिपल, रंभा कॉलेज**

## "क्षिति जल पावक गगन समीरा
## पंचतत्व रचि अधम शरीरा "

मनुष्य का शरीर पंचतत्वों से बना है। सनातन परंपरा में इन पंचतत्वों में से जल को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। हिंदू धर्म में शायद ही कोई ऐसा रीति-रिवाज और धार्मिक कार्य होगा जो इस पावन तत्व के बगैर पूरा होता है। जिस तरह हिंदू धर्म में गंगा जल को सबसे ज्यादा पवित्र और पावन माना गया है, वैसे ही जीवन रूपी इस जल की महिमा का गुणगान बाकी सभी धर्मों में भी विस्तार से मिलता है। यही कारण है कि यह जल प्रत्येक धर्म में पूजा पद्धति का अभिन्न अंग बन गया है और मनुष्य -मनुष्यता को सुरक्षित रखने वाला एक जरूरी तत्व भी। इसलिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा जल-जन अभियान, गंगा योजना, हर हर नर्मदे जल संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। लोगों में जल एवं प्रकृति के संरक्षण के प्रति सामूहिक चेतना का निर्माण करके ही जल संरक्षण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसी लक्ष्य को लेकर इस एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की योजना बनाई गई है, ताकि हम सभी सदैव इस बात को स्मरण रखें कि जल है , तो ही जीवन है।



डॉ. भूपेश चन्द
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन

## पुराण प्रसिद्ध तमसा नदी

तमसा नदी का उल्लेख वाल्मीकि रामायण के अयोध्या प्रसंग में मिलता है, जिस समय राजा दशरथ के आत्मज श्री रामचंद्र जी, सीता जी और लक्ष्मण जी को वनवास हुआ था। वनवास की पहली रात्रि को श्री रामचंद्र जी, सीता जी और लक्ष्मण जी महर्षि दुर्वासा ऋषि की तपोस्थली तमसा नदी के तट गौराघाट पर विश्राम किया था तथा यात्रा के दौरान आश्रम का भ्रमण किया था। आश्रम तीन नदियों तमसा, मंझुई, और मंजूषा के संगम स्थल पर स्थित है। कार्तिक पूर्णिमा पर यहां भव्य मेला लगता है। मान्यता है कि यह स्थान सतयुग से भक्ति का केंद्र रहा है। यहां विभिन्न स्नान घाट बने हुए हैं। जिस घाट पर श्री रामचंद्र जी ने स्नान किया था, वह घाट रामचौरा के नाम से विख्यात है। श्रवण कुमार को तमसा नदी के तट पर पानी भरते समय बाण लगा , जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी। महर्षि वाल्मीकि का आश्रम भी तमसा नदी पर स्थित है। अयोध्या से निर्वासन के बाद माता सीता जी को इसी आश्रम में आश्रय मिला था, जहां लव और कुश का जन्म हुआ। तमसा के तट पर मंदिर और धर्म स्थल आज भी है ,लेकिन अब तमसा की वह पहचान लुप्त होती जा रही है। नदियों को प्रदूषित किया जा रहा है, ऐसे में जीव जंतुओं और किसानों के खेतों की प्यास बुझाने में यह नदी असफल होती जा रही है। अतः इन्हें संरक्षित करने हेतु उपाय किए जाने की बहुत ही आवश्यकता है जिससे इस जल स्रोत के साथ ही उससे जुड़े हुए आस्था और संस्कृति को भी संरक्षित किया जा सके।



Dr. Ganga Bhola (IQAC Coordinator)
(Asst. Prof.), Rambha College of Education

## Reinventing The River: City connection

Indian culture is rich a culture that has blossomed in the very lap of rivers. Exactly one year ago, the Kumbh Mela served as a grand global gathering, where everyone was eager to take a holy dip in the river. Similarly, along the riverbanks, the Chhath Puja festival is celebrated as a cherished tradition of Bihari culture. The people of Odisha have historically traveled to Java, Sumatra, and Bali for trade purposes. In the society of Kerala, a boat-racing festival known as Vallam Kali is celebrated during Onam. For city dwellers, river water is treated and purified before being delivered to every household through an intricate network of pipes. Furthermore, in many towns and villages, water is supplied to homes via tankers. However, due to drainage systems, sewage networks, and industrial waste, river water is now becoming rapidly polluted. Groundwater levels are also steadily declining. In the future, the challenge of accessing water will become even more formidable for the public. Our government is undertaking numerous initiatives to purify both seawater and river water. These initiatives include the Jal Jeevan Mission (JJM), Community Water Purification Plants (CWPPs), AMRUT 2.0 (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation), the Namami Gange Programme and others. Preserving river water does not require massive, arduous undertakings; rather, it begins with small habits in our daily lives. First and foremost, we must avoid wasting water at home. Secondly, keeping rivers clean is of paramount importance. Thirdly, we must actively protect the areas surrounding our rivers. Ultimately, planting trees and protecting nature helps maintain the natural flow of water.



डॉ. सुमन लता
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन

## भारत का जल-वैभव

जीवन के उद्भव में बसती,जल की अविरल धारा है।
बिन नदियाँ यह सृष्टि सूनी,प्यासा जग सारा है।
देखो, सुनो, समझो और जानो,मातृ-स्वरूपा इन नदियों को।
आस्था, धर्म और जीवन को,करती सरस सुहावन है।
जय-जय गंगे, हर-हर गंगे!
हिमालय के तुंग शिखर से,उतर रही गंग-धारा है।
संग बहती श्यामल यमुना,सरस्वती का संगम प्यारा है।
सिंधु, झेलम, रावी, सतलुज,व्यास संग लहराती है।
ब्रह्मपुत्र की विशाल धारा,पूरब का मान बढ़ाती है।
नर्मदा, शिप्रा, सरयू, कोसी,गंडक और सोन की धार।
चंबल, बेतवा, केन, गोमती,करती उत्तर का उद्धार।
गोदावरी, कृष्णा, कावेरी,महानदी और ताप्ती की शान।
साबरमती और पेरियार संग,सजता दक्षिण का मैदान।
ये नदियाँ केवल जल नहीं,धरती का पावन श्रृंगार हैं।
इनसे जीवन, इनसे  खुशहाली,ये ही सृष्टि का आधार हैं।



डॉ. दिनेश कुमार
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन

## पतित पावनी गंग धारा

भारत की सबसे बड़ी और सबसे पवित्र नदी गंगा इस राष्ट्र की सदियों  पुरानी संस्कृति और सभ्यता का केंद्र है। निरंतर बहने वाली, कभी न बदलने वाली यह दिव्य नदी हिंदू धर्म में गहरा धार्मिक महत्व रखती है। गंगोत्री वह स्थान है जहां गंगा नदी की गंगोत्री मंदिर में देवी के रूप में पूजा की जाती है। इस प्रकार हिमालय में स्थित गंगोत्री मंदिर भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है ।गंगोत्री मंदिर हिंदू धर्म के सबसे पवित्र स्थान में से एक है और उत्तराखंड के चार धाम की यात्रा के दौरान दर्शन किए जाने वाले चार प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है गंगोत्री तीर्थ नगर सदियों से हिंदुओं का आध्यात्मिक केंद्र रहा है। गंगा नदी का उल्लेख लगभग सभी धार्मिक और पौराणिक ग्रथों  में मिलता है भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर से तीर्थ यात्री हर साल गंगोत्री धाम की यात्रा करते हैं क्योंकि माना जाता है कि गंगोत्री के जल को छूने मात्र से ही व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं गंगोत्री हिमालय में गंगा नदी का उद्गम स्थल है और पौराणिक कथाएं कहानियां भी हैं। मान्यता है कि भगवान राम ने अपने वनवास के दौरान गंगोत्री का दर्शन किया था और भगवान भक्त हनुमान ने भी एक बार गंगोत्री जाकर देवी गंगा की पूजा की थी गंगोत्री हिमालय पर्वत स्थित पवित्र तीर्थ स्थल है। जीवनदायिनी हमारी मां स्वरूपा गंगा और गंगोत्री जो हमारी आस्था और संस्कृति जुड़ी है, इन्हें सुरक्षित और संरक्षित रखना हमारा परम कर्तव्य है।




डॉ. सतीश चंद्र
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन


## पवित्र सरस्वती नदी

भारतीय इतिहास और आध्यात्म में सरस्वती नदी का स्थान अद्वितीय है। ऋग्वेद में इसे 'नदीतमे' अर्थात नदियों में सर्वश्रेष्ठ कहकर सम्मानित किया गया है। यह केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि प्राचीन भारतीय ज्ञान और सभ्यता की जीवनरेखा थी। माना जाता है कि इसी के तट पर बैठकर ऋषियों ने वेदों की रचना की और महान सिंधु-सरस्वती सभ्यता के नगरों का विकास हुआ। सरस्वती नदी के विलुप्त होने का मुख्य वजह भूगर्भीय और जलवायु परिवर्तन की वजह से माना जाता है। जो आज से लगभग 4000-5000 वर्ष पहले हुआ था। भीषण भूकंप के कारण जमीन के नीचे पहाड़ ऊपर उठ गए हिमालय में टेक्ट्रोनिक प्लेटो में बदलाव और भूकंप की वजह सरस्वती नदी का जल स्रोत शुष्क हो गया तथा लगभग वर्ष 2000 ईसा पूर्व के आस पास मानसून में कमी के कारण नदी के जल का प्रवाह धीमा पड़ गया व हमेशा के लिए रेगिस्तान में विलीन हो गयी। हिंदू धर्म में सरस्वती नदी  गंगा व यमुना के समान ही पवित्र मानी जाती है।  वैज्ञानिक का मानना है कि  यह  नदी पूरी तरह से गायब नहीं हुई है बल्कि अब वह  भूमिगत नदी के रूप में बह रही है इसलिए हमें आंखों से नहीं दिखाई देती है। भले ही यह नदी आज भौतिक रूप से दृश्यमान न हो, किंतु प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में अदृश्य रूप में और भारतीय संस्कृति में 'ज्ञान की देवी' के रूप में यह आज भी जीवित है। सरस्वती का इतिहास हमें हमारी समृद्ध विरासत और प्राकृतिक संरक्षण की महत्ता का बोध कराता है।




शीतल कुमारी
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन


## "छठ और नदियाँ: भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर"

छठ पर्व भारतीय लोकसंस्कृति का एक अनमोल उत्सव है, जिसमें नदी, सूर्य और प्रकृति के प्रति गहरी आस्था प्रकट होती है। इस पर्व में नदी का विशेष स्थान है, क्योंकि श्रद्धालु स्वच्छ जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। नदी यहाँ केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि जीवन, शुद्धता और आस्था का प्रतीक बन जाती है। छठ के लोकगीतों में नदी की महिमा को बहुत सुंदर ढंग से व्यक्त किया गया है। इन गीतों में नदी को माँ के समान माना गया है, जो सबको जीवन देती है और सबका पालन करती है। एक प्रसिद्ध छठ गीत है—

"कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए,
नदी किनारे हो छठी मइया, अर्घ दिहल जाए..."

इस गीत में नदी के किनारे छठ पूजा का दृश्य दर्शाया गया है, जहाँ श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से अर्घ्य अर्पित करते हैं। नदी की पवित्रता और उसकी शीतल धारा को जीवनदायिनी बताया गया है। लोकगीतों में यह भी झलकता है कि नदी केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का भी केंद्र है। आज के समय में जब नदियाँ प्रदूषण से प्रभावित हो रही हैं, छठ पर्व और उसके गीत हमें जागरूक करते हैं कि यदि हम नदी की रक्षा करेंगे, तभी हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। इस प्रकार, छठ के गीतों में निहित नदी की महिमा हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और संरक्षण का संदेश देती है।




अमृता सुरेन
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन


## "माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण-प्रभावशीलता एवं पर्यावरण शिक्षा: हमारी नदियों, भविष्य एवं संस्कृति के विशेष संदर्भ में"

माध्यमिक विद्यालय शिक्षा का वह महत्वपूर्ण स्तर है, जहाँ विद्यार्थियों के बौद्धिक , सामाजिक और नैतिक मूल्यों का व्यापक विकास होता है। इस स्तर पर शिक्षकों की शिक्षण-प्रभावशीलता (Teaching Effectiveness) अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वही छात्रों के ज्ञान, दृष्टिकोण एवं व्यवहार को आकार देती है। वर्तमान समय में पर्यावरणीय समस्याएँ, नदियों का प्रदूषण, जल संकट, तथा पारिस्थितिक असंतुलन गंभीर चिंता के विषय बन चुके हैं। ऐसे में विद्यालयों में पर्यावरण शिक्षा का समावेश और उसका प्रभावी क्रियान्वयन अत्यावश्यक हो जाता है। शिक्षकों की शिक्षण-प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि वे किस प्रकार आधुनिक शिक्षण विधियों, तकनीकों, सकारात्मक संवाद तथा उदाहरणों का उपयोग करके पर्यावरण शिक्षा को अधिक सार्थक बनाते हैं। यदि शिक्षक इसे रोचक, व्यवहारिक और जीवन से जुड़ा बनाते हैं तो छात्र न केवल ज्ञान प्राप्त करते हैं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायी बनते हैं। भारतीय संस्कृति में नदियों का विशेष महत्व है। गंगा, यमुना जैसी नदियाँ न केवल जीवन का आधार हैं, बल्कि धार्मिक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं।

अतः माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण-प्रभावशीलता, पर्यावरण शिक्षा के सफल क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नदियों, भविष्य और संस्कृति के संदर्भ में दी गई पर्यावरण शिक्षा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर प्रस्तुत करना अधिक प्रभावी होता है, जिससे छात्रों में संरक्षण की भावना सुदृढ़ होती है। यह शिक्षा छात्रों को न केवल जागरूक बनाती है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करती है और इस प्रकार शिक्षण-प्रभावशीलता सीधे तौर पर उनकी पर्यावरणीय चेतना को प्रभावित करती है, जिससे वे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दे सकते हैं।




डॉ. किशन कुमार शर्मा
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज


## नदी - मानव सभ्यता की जीवन रेखा

नदी सिर्फ जल की एक सीधी रेखा नहीं, बल्कि पूरी सभ्यता की जीवन रेखा होती है। विज्ञान के अनुरूप मानव शरीर का 70% भाग तरल है, लेकिन किसी सभ्यता के विकास में 100% भाग जल के स्रोत का ही होता है। आज हमलोग जितने भी बड़े महानगरों को देख रहे हैं वह सभी प्रमुख नदियाँ के किनारे ही बसे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि हम अपने स्थानीय स्तर पर भी देखते हैं तो हम यह देख पाते हैं कि जमशेदपुर जो भारत का सबसे पहला स्मार्ट सिटी बना था वह भी खरकई और स्वर्णरेखा नदी के किनारे ही अवस्थित है और यह स्टील उत्पादन के क्षेत्र एवं औद्योगिकीकरण में भी भारत का एक प्रमुख शहर है। नदियाँ सिर्फ सभ्यता की जीवन रेखा ही नहीं बल्कि औद्योगिकी का भी प्राणवायु है। बड़े व्यवसायों एवं कल कारखानों के संचालन में भी जल की अत्यधिक जरूरत होती है जो नदियाँ  के जल से ही संभव है। वर्तमान परिप्रेक्ष्यमें आधुनिकता के दौड़ में हम देखते हैं कि सभ्यता खाड़ी देशों में भी आधुनिक तौर पर विकसित हुई है परंतु सर्वांगीण विकास के साथ प्राकृतिक संपन्नता एवं आधुनिकता नदियाँ के बिना अधूरा प्रतीत होता है। नदियाँ सिर्फ जीवन जीने के लिए या औद्योगिक विकास तक ही सीमित नहीं होती है यह हमारी विरासत और संस्कृति की भी सूत्रधार है।



मंजू गागराई
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन

## नदी के साथ भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव

नदियों की बात यदि कही जाए, तो सृष्टि के प्रारंभ से ही इनका प्रकृति और मानव जीवन पर गहरा प्रभाव रहा है। इस वाक्यांश का सबसे बड़ा उदाहरण इसी बात से समझा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति में आदिकाल से ही नदियों को मां का दर्जा, जैसे गंगा मैया, नर्मदा मैया, दिया गया। नदियों के किनारे बसे गांव और शहर इस बात के सूचक हैं कि नदियाँ पीढ़ी दर पीढ़ी चलती जा रही मानव जीवन की धुरी हैं। निरंतर अपने ही प्रवाह में बहने वाली नदियाँ मानव को जीवन संघर्ष पथ पर निरंतर शांत जीवन के साथ अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती हैं। जीवन के आरंभ से अंत तक नदियों से मानव जीवन का गहरा जुड़ाव रहा है। गंगा, यमुना नदियों में स्नान का पाप-पुण्य में विश्वास, नदियों के किनारे उपस्थित तीर्थ स्थल, जैसे हरिद्वार, वाराणसी, प्रयागराज, तथा मृत्यु पर्यंत नदियों में अस्थि कलश प्रवाह इत्यादि संस्कार मानव को नदियों से आध्यात्मिक और धार्मिक रूप से जोड़ते हैं। सांस्कृतिक रूप से भी नदियाँ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हमारे लोकगीत, कहानियाँ और परंपराएं नदियों के बिना अधूरी हैं। नदी जोड़ती है — एक पीढ़ी को दूसरी पीढ़ी से और मनुष्य को प्रकृति से। अतः इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि नदियाँ केवल जल जीवन का स्रोत नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्मिकता का आधार रही हैं। लेकिन आज नदियों का अस्तित्व खतरे में है। प्रदूषण, अतिक्रमण और अत्यधिक दोहन के कारण नदियाँ अपनी पवित्रता खोती जा रही हैं। यदि हम अपने इस भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव को बनाए रखना चाहते हैं, तो नदियों की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। नदी केवल पानी की धारा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की जीवंत प्रतीक है। इसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस अमूल्य धरोहर है।



डॉ. रश्मि लुगुन
(असि .प्रो.), रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन

## हमारी नदी, हमारी संस्कृति, हमारा जीवन

नदियाँ केवल जल की प्रवाहमान धाराएँ नहीं हैं, अपितु वे मानव जीवन की जीवनरेखा, सांस्कृतिक पहचान की वाहक तथा सभ्यताओं के उत्थान की मौन साक्षी हैं। आदिकाल से ही मनुष्य ने नदियों के किनारों को अपने निवास और विकास का केंद्र बनाया, क्योंकि वहाँ जल, उपजाऊ भूमि तथा जीवनोपयोगी संसाधनों की सहज उपलब्धता थी। यही कारण है कि विश्व की अनेक महान सभ्यताओं का उदय नदी घाटियों में हुआ। भारतवर्ष में नदियों का महत्व विशेष रूप से व्यापक है, जहाँ वे केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग मानी जाती हैं। गंगा, यमुना, कृष्णा तथा ताप्ती जैसी पवित्र नदियाँ भारतीय जनमानस में श्रद्धा का केंद्र रही हैं। इनके तटों पर अनेक तीर्थस्थल, मेले, पर्व और सांस्कृतिक आयोजन समय-समय पर संपन्न होते रहे हैं। नदियाँ मानव जीवन के दैनिक क्रियाकलापों में भी अत्यंत उपयोगी हैं। इनके जल का उपयोग सिंचाई, पेयजल, परिवहन, उद्योग, मत्स्य पालन तथा स्वच्छता जैसे विविध क्षेत्रों में किया जाता है। कृषि व्यवस्था और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की उन्नति में नदियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। किन्तु वर्तमान समय में प्रदूषण, अतिक्रमण, वनों की कटाई तथा जल के अनियंत्रित दोहन के कारण नदियाँ संकटग्रस्त होती जा रही हैं। यदि शीघ्र ही इनके संरक्षण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण, जैव विविधता, सांस्कृतिक धरोहर तथा मानव जीवन पर पड़ेगा। अतः नदियों का संरक्षण केवल शासन-प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। सामूहिक प्रयास, स्वच्छता, जल-संरक्षण तथा जन-जागरूकता के माध्यम से ही हम अपनी नदियों को पुनः स्वच्छ, सुरक्षित और अविरल बना सकते हैं।



**Suraj Kumar**

**Asst. Prof. Rambha College of Education**

## "The Thin Blue Line"
## Climate Change and the Battle for Water Security

Water security used to be a distant policy term, but in today's reality, it is the defining challenge of our generation. As global temperatures climb, the predictable rhythm of our rivers has been replaced by a chaotic cycle of "too much or too little." We are witnessing a paradox where devastating flash floods and bone-dry droughts often occur in the same region, just months apart. The crisis isn't just about melting glaciers; it's about the vulnerability of our daily lives. When rivers like the Subarnarekha or Kharkai face erratic seasonal flows, it isn't just an environmental statistic—it's a direct threat to industrial stability, agricultural yields, and the very tap water we rely on. Climate change acts as a "threat multiplier," taking existing issues like pollution and overextraction and pushing them toward a breaking point. To secure our future, we must move beyond traditional engineering. Today's water security requires "sponge cities" that can absorb rainfall, massive investments in wastewater recycling, and a cultural shift in how we value every drop. We can no longer treat water as an infinite resource. Securing our water is no longer just an environmental goal; it is the ultimate act of selfpreservation in an warming world.



**Aishwarya Shree Karmakar**

**Asst. Prof. Rambha College**

## Rejuvenation of Polluted River Stretches: Action Plan for Cleaning Roro

The Roro River of Chaibasa, once a lifeline of the semi-urban landscape, is now facing severe degradation due to pollution, encroachment, and declining water flow. Its rapid drying is a warning sign of ecological imbalance and urgent need for restoration. A structured action plan is essential to rejuvenate this vital resource. First, identifying and controlling pollution sources is crucial. Untreated domestic sewage and waste dumping must be stopped by establishing proper drainage systems and small-scale sewage treatment plants. Community awareness campaigns can play a key role in reducing direct waste disposal into the river. Second, desilting and removal of encroachments should be undertaken to restore the natural flow. Rejuvenating the riverbanks through afforestation with native plants will help prevent soil erosion and improve groundwater recharge. Third, rainwater harvesting and revival of feeder channels can ensure consistent water inflow, especially during dry seasons. Involving local residents, schools, and NGOs in regular clean-up drives will create a sense of ownership and responsibility. Lastly, strict monitoring by local authorities is needed to sustain these efforts. With collective action and proper planning, the Roro River can be revived, restoring both ecological balance and community well-being.



**Shikha Samanta**
**(Asst. Prof.), Rambha College of Education**

## Role of Water and Rivers in Baptism: Symbol of Purification and Rebirth

Baptism is a sacred ritual in Christianity that symbolizes purification and rebirth through the use of water. It represents the cleansing of sins and the beginning of a new spiritual life. Water, especially from rivers, holds deep significance as it reflects God's grace and the renewal of the human soul. In baptism, water is used to wash away spiritual impurities, just as it cleanses the body. This act signifies inner purification and prepares an individual to live a life of faith and righteousness. At the same time, baptism also represents rebirth. The act of entering the water and rising again symbolizes leaving behind the old sinful life and beginning a new life devoted to God. This belief is rooted in the baptism of Jesus Christ in the Jordan River by John the Baptist, which established baptism as an important Christian practice. Thus, rivers symbolize not only physical cleansing but also spiritual transformation, renewal, and the promise of a new life in Christ.



**अबीर भट्टाचार्य**
**असिस्टेंट प्रोफेसर, नर्सिंग विभाग**

## संकल्प से सिद्धि: स्वच्छ नदियाँ, सुरक्षित भविष्य

भारत में नदियों को माता का सम्मान दिया गया है, क्योंकि माता की तरह नदियाँ भी हमारा पालन-पोषण करती हैं और जीवन प्रदान करती हैं। नदियों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। वे हमारी जीवन धारा को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राचीन समय से ही सभी सभ्यताएँ नदियों के किनारे विकसित हुई हैं। भारत के कई क्षेत्रों में नदियों को लेकर अनेक त्योहार और पर्व मनाए जाते हैं। लेकिन आज नदियों की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है। औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के कारण भारत की लगभग सभी नदियाँ प्रदूषण का शिकार हो रही हैं। हम अपने घरों और उद्योगों के अपशिष्ट पदार्थ बिना शुद्धिकरण के नदियों में डाल रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि जो नदियाँ कभी हमारी जीवनरेखा थीं, वे आज हमारे लिए समस्या बनती जा रही हैं। भारत की प्रमुख नदियाँ जैसे गंगा और यमुना का पानी भी अब पहले जैसा शुद्ध नहीं रहा है। यदि यही स्थिति जारी रही, तो आने वाले भविष्य में हमें पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा और इसके जिम्मेदार भी हम ही होंगे। एक समय लंदन की प्रसिद्ध नदी (टेम्स) की हालत भी बहुत खराब थी, लेकिन लंदनवासियों ने विज्ञान और तकनीक का उपयोग करके उस नदी की स्थिति को सुधार दिया। हमें भी एक दृढ़ संकल्प के साथ विज्ञान और तकनीक का उपयोग करके अपनी नदियों को सुधारना चाहिए, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को किसी संकट का सामना न करना पड़े।



**राखी झा,**
**बी.एड. सत्र: 2021-23**

"मैं नदी हूं!"
मैं नदी हूं......
सिर्फ बहता पानी नहीं....
मैं इतिहास हूं.....
मैं पहचान हूं....
मैं इस देश की आत्मा हूं...!
जब सभ्यता ने आंखें खोली,
मैंने ही जीवन को सींचा था.....
मेरे किनारो पर जले हैं दीप,
उठी है,
अनगिनत प्रार्थनाएं.....
हर आरती की लौ में मैंने
देखी है मैंने सच्चीआस्थाएं....
याद रखो....
अगर मैं थम गई....
तो तुम भी थम जाओगे.....
तुम्हारा हर -रंग धीरे धीरे खो जाएगा....
मैं नदी हूं....
मुझे बहने दो.....
मैं संस्कृति हूं....
मुझे रहने दो....!



**सीमा रानी भक्त**
**बी.एड. सत्र: 2022-24**

## नदी की पीड़ा

देखो अब कराह रही हैं नदियाँ
यदि नदियाँ ही नहीं रहेंगी, कहाँ मनेगा पर्व-त्योहार,
बिन पानी का उत्सव और जीवन रह जाएगा सुनसान।

सोचो, समझो, विचार करो, नदियों को आज़ाद करो,
अब ना इन्हें बर्बाद करो।
नदियों को अविरल बहने दो, इनको निर्मल रहने दो।




सबिता महतो
बी.एड, सेम -II


## दैनिक जीवन में नदी की भूमिका

नदी प्रकृति की अमूल्य धरोहर है और मानव जीवन का अभिन्न अंग भी। मानव सभ्यता के प्रारंभ से ही नदियों ने जीवन को सामान्य और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आज के आधुनिक युग में भी नदी हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ी हुई है। सबसे पहले नदी जल का मुख्य स्रोत है। पीने, खाना बनाने, स्नान करने और घरेलू कार्यों के लिए स्वच्छ जल नदियों से ही प्राप्त होता है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है, इसलिए नदियों का महत्व और भी बढ़ जाता है। कृषि के क्षेत्र में ये जीवनदायिनी मानी जाती है क्योंकि सिंचाई के लिए आवश्यक जल इन्हीं से मिलता है जिससे फसल का उत्पादन बढ़ता है और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है।

इसके अतिरिक्त, नदियाँ ऊर्जा उत्पादन का भी महत्वपूर्ण साधन है ।जल विद्युत परियोजनाओं के माध्यम से नदियों से बिजली उत्पादन की जाती है जो उद्योगों और घरों के आवश्यकताओं को पूरा करती है। नदियां परिवहन का सस्ता और सुगम माध्यम भी है जिससे व्यापार और संपर्क को बढ़ावा मिलता है।पर्यावरण की दृष्टि से भी नदियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।वे पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखती है और अनेक जीव जंतुओं तथा वनस्पतियों को जीवन प्रदान करती है। नदियां प्राकृतिक सौंदर्य को भी बढ़ाती है ,जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलता है।

अंततः नदियां केवल जल का स्रोत नहीं बल्कि जीवन की धारा है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम नदियों को स्वच्छ रखें और उनका संरक्षण करें साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए इस अनमोल धरोहर को सुरक्षित बनाए रखें।




बालेमा सुंडी
बी. एड, सत्र : 2023-25


## नदी की गुहार

मैं हूँ नदी, मैं पुकार रही, मानव से आज गुहार रही।
जीवन जिसने दिया है तुमको ,वही तुमसे सुरक्षा माँग रही।
मैं हूँ नदी...
मैं जीवन की हर साँस में हूँ,हर धड़कन में है मेरा वास।
तुम्हारे सुख-दुख की साथी हूँ,पर अब मैं तो मैं ही गंदली हो रही
मैं हूँ नदी...
मुझे केवल पानी मत समझो,मैं तुम्हारे जीवन की धार हूँ।
मुझे अपनी ही कहानी समझो,मैं तुम्हारी ही पुकार हूँ।
मैं हूँ नदी, मैं पुकार रही, मानव से आज गुहार रही।



**Sunidhi Kumari**
**BCA ( I Sem )**

## Water and urban issues

Water is one of the most essential resources for life. However, in today's rapidly growing cities, managing water has become a serious challenge. Urban areas are facing multiple water-related issues due to population growth, pollution, and poor planning. One of the biggest problems is water scarcity. As cities expand, the demand for water increases. Unfortunately, the supply does not always keep up. Many people in urban areas struggle to get clean drinking water daily. This problem is especially severe in developing countries, where infrastructure is often inadequate. Another major issue is water pollution. Industrial waste, sewage, and garbage are often dumped into rivers and lakes. This makes the water unsafe for drinking and harms aquatic life. Polluted water also leads to diseases such as cholera and typhoid, affecting public health. Urban flooding is also becoming more common. Due to excessive construction, natural drainage systems are blocked. When heavy rains occur, water cannot flow properly, leading to waterlogging and floods. This damages property, disrupts transportation, and affects daily life. Additionally, the overuse of groundwater is a growing concern. Many cities depend heavily on underground water sources. Continuous extraction without proper recharge leads to a decline in groundwater levels, making the situation worse over time. To solve these issues, proper planning and management are essential. Governments should invest in better water supply systems, sewage treatment plants, and rainwater harvesting techniques. Citizens also have a role to play by using water wisely and avoiding pollution. In conclusion, water-related problems in urban areas are serious but can be managed with collective efforts. Sustainable practices and awareness can help ensure that future generations have access to clean and sufficient water.



**Suraj Surin**
**BBA ( Sem I )**

## Role of Rivers in Daily Life

Rivers have played a vital role in human civilization since ancient times, and even today they remain an essential part of our daily lives. They are not just flowing bodies of water, but lifelines that support human survival, economic activities, and ecological balance. Rivers are a major source of fresh water. People depend on river water for drinking, cooking, bathing, and cleaning. In many rural areas, rivers are the primary source of water for daily household needs. Even in cities, water supplied through taps often comes from nearby rivers after treatment. Rivers are also crucial for agriculture. Farmers rely on river water for irrigation, which helps in growing crops and ensuring food security. Fertile soil found in river plains makes farming more productive. This is why many ancient civilizations, such as those along river valleys, flourished due to the availability of water and fertile land. In addition, rivers support transportation and trade. In some regions, boats and ships are used to carry goods and people, making rivers an affordable and efficient mode of transport. They also contribute to the generation of hydroelectric power, which provides electricity to millions of homes and industries. Rivers play an important role in maintaining ecological balance as well. They support diverse plant and animal life, forming rich ecosystems. Many species depend on rivers for survival. Moreover, rivers help in recharging groundwater and maintaining the water cycle. Culturally and spiritually, rivers hold great significance in many societies. People consider them sacred and perform rituals on their banks. Festivals and traditions are often centered around rivers, showing their deep connection with human life. However, rivers today face serious challenges such as pollution, overuse, and climate change. Protecting rivers is essential to ensure that they continue to support life and livelihoods. In conclusion, rivers are indispensable in our daily lives. From meeting basic needs to supporting agriculture, economy, and culture, their importance cannot be overstated. It is our responsibility to conserve and protect them for future generations.



**Tanushree Shaw**
**B.Ed, Session - 2023-25**

## Role of Rivers in Daily Life

Subarnarekha shines so bright, a golden river full of light.
Through Jharkhand lands it finds its way, bringing life both night and day.
From hills it comes, so fresh and bright, dancing softly in the light.
Its water sings a happy song, calling people all along.
Green fields shine in sun's warm light, making every future bright.
It holds culture, old yet new, in every drop, pure and true.
This is not just water we see; it is our past and history.
A river strong, a river kind, peace and hope we always find.




**गौतम कुमार यादव**

**रोल नंबर-27, बीएससी नर्सिंग। सेमेस्टर सत्र- 2025-29**


## हमारे गाँव की नदी और छठ पूजा

हमारे गाँव जगन्नाथपुर, सिकटियाही के पास एक छोटी सी नदी है( जिसे हम लोग छोटी कमल का हिस्सा कहते है)। मैं बचपन से ही इसे देखता आ रहा हूं, यह नदी हमारे लिए बहुत खास और पूज्यनीय है।
छठ पूजा के समय इस नदी का महत्व और भी बढ़ जाता है, गाँव के सभी लोग यहाँ इकट्ठा होते हैं। चारों तरफ साफ-सफाई और सजावट की जाती है। जिसमें सभी ग्रामीण मिलकर बहुत खुशी से सहयोग करते हैं। मेरी माँ हर साल पूरे नियम और आस्था के साथ छठ का व्रत रखते हुए पूजा अर्चना करती हैं। उन्हें देखकर मुझे अच्छा लगता है। शाम के समय हम नदी किनारे जाते हैं। माँ पानी में खड़ी होकर डूबते सूरज को अर्घ्य देती हैं। उस समय माहौल बहुत शांत और अच्छा लगता है। अगली सुबह फिर हम जल्दी उठकर नदी जाते हैं। उगते सूरज को अर्घ्य दिया जाता है। ठंडी हवा और सूरज की रोशनी बहुत सुंदर लगती है।तब मुझे समझ में आता है कि नदी सिर्फ पानी नहीं है। यह हमारी आस्था और परंपरा का हिस्सा है।
इसलिए हमें नदियों को साफ रखना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए। अगर हम नदियों को बचाएंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी इसका लाभ उठा सकेंगी।




**नित्या झा**

**बी.ए. - राजनीति विज्ञान**


## नदियाँ : परंपराओं और रीति-रिवाजों की जीवनधारा

प्राचीन काल से ही नदियाँ जीवन, शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती रही हैं। हिंदू धर्म में गंगा नदी को सबसे पवित्र माना जाता है। यह मान्यता है कि गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है और आत्मा को शुद्धि मिलती है। इस कारण विभिन्न पर्वों और त्योहारों, जैसे कुंभ मेला, छठ पूजा और मकर संक्रांति पर लोग नदियों के तट पर एकत्र होकर स्नान और पूजा-अर्चना करते हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कारों में नदियों की भूमिका दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, नवजात शिशु के संस्कारों में पवित्र जल का उपयोग किया जाता है, वहीं मृत्यु के बाद अस्थि विसर्जन नदियों में किया जाता है। यह माना जाता है कि इससे आत्मा को मोक्ष प्राप्त होता है। इसके अलावा, विवाह जैसे शुभ कार्यों में भी नदी के जल का उपयोग पवित्रता के प्रतीक के रूप में किया जाता है। इस प्रकार, नदियाँ भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों में केवल भौतिक संसाधन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर भी हैं। वे हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक जीवन को एक सूत्र में पिरोती हैं। इसलिए नदियों की रक्षा करना और उन्हें स्वच्छ बनाए रखना हमारा कर्तव्य है, ताकि यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके।



**Sourav Mahato**
**B.Ed, Session : 2025-2027**

## Emotional and Cultural Connections with Rivers

Rivers have a deep emotional and cultural connection with human life. Since ancient times, people have lived near rivers because they provide water, food, fertile land and natural beauty. But beyond physical needs, rivers also touch our hearts and beliefs. Emotionally, rivers are often seen as a source of peace and life. The sound of flowing water makes people feel calm, relaxed, connected with nautre and it helps reduce stress. Many people sit near rivers to think, pray or spend quiet time. Rivers are also connected with memories like childhood play, family gatherings, community life and festivals. Because of this, people feel a strong attachment to them. Culturally, rivers hold great importance in traditions and religions. In India, rivers like the Ganga, Yamuna, kaveri and Narmada are considered holy. They are often seen as mother figures that connect to our soul. People worship them and believe they have the power to purify the soul. Many rituals, such as bathing during festivals and offering prayers are performed near rivers. These practices show respect and faith towards nature. Rivers also inspire art, music and literature. Many poems and songs describe rivers as symbols of life and journey. They represent the flow of time and the connection between the past, present, and future. Through conclusion, rivers are not just natural resources; they are a vital part of our emotional and cultural life. They connect people with by connect people with nature, tradition, belief and spirituality. Therefore, it is our responsibility to protect them with respect for future generations. They will be used it to explore themes of growth, development, transformation and the search for meaning.



**अनुज कुमार मुर्मू**
**बी.एड, सेमेस्टर-1 (2025-27)**

## जलवायु परिवर्तन और जल सुरक्षा

कल्पना कीजिए एक ऐसे शहर की, जहां नल तो है, पर पानी नहीं। यह कोई कहानी नहीं, बल्कि आने वाले समय की सच्चाई बन सकती है। इसका मुख्य कारण है जलवायु परिवर्तन, जो हमारे जल स्रोतों को धीरे-धीरे कमजोर कर रहा है। पहले बारिश एक निश्चित समय पर होती थी, लेकिन अब यह अनियमित हो गई है, कभी बहुत ज्यादा, तो कभी बिल्कुल नहीं। इसी कारण नदी काफी उफान पर होती है, तो कभी सूख जाती हैं। शहरों में बढ़ती आबादी और अंधा धुन जल उपयोग ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। भूजल तेजी से खत्म हो रहे हैं, लेकिन उसे बचाने का प्रयास कम हैं। अगर यही हाल रहा तो पानी भी एक “कीमती वस्तु बन जाएगा।

समाधान कठिन नहीं है जरूरत है सोच बदलने की। हमें हर बूंद की कीमत समझनी होगी, वर्षा जल को संचित करना होगा और प्रकृति के साथ संतुलन बनाना होगा। अगर आज हमने पानी को नहीं बचाया, तो कल पानी हमें नहीं बचाएगा।



**राकेश लागुरी**
**बी.एड, सेमेस्टर-1 (2025-27)**

## हमारी संस्कृति और नदियाँ
## नदियों को बचाओ, संस्कृति को बचाओ"।

नदियाँ हमारी परंपराओं और रीति-रिवाजों में गहराई से जुड़ी हुई हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक हर संस्कार में नदियों की उपस्थिति होती है। विवाह में गंगा जल का उपयोग, अंतिम संस्कार में अस्थि विसर्जन और विभिन्न त्योहारों में नदी पूजा का विशेष महत्व है। दक्षिण भारत में पुष्करम् पर्व विभिन्न नदियों की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। छठ पूजा, गंगा दशहरा, नर्मदा जयंती और कावेरी पूजा जैसे त्योहार नदियों के सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंध को दर्शाते हैं। लोकगीत, कथाएँ, कविताएँ और चित्रकला में नदियाँ बार- बार उभरती हैं।

दैनिक जीवन में भी नदियाँ अपरिहार्य हैं। कृषि, मछली पालन, परिवहन और पेयजल के लिए नदियाँ ही मुख्य आधार हैं। नदियों के किनारे बसे शहरों की अर्थव्यवस्था भी इन्हीं पर निर्भर करती है। नदियाँ जलवायु को नियंत्रित करती हैं, भूमिगत जल को संतुलित करती हैं और जैव विविधता को भी बनाए रखती हैं। आज नदियाँ प्रदूषण, अतिक्रमण और अत्यधिक दोहन के कारण संकट में हैं। जबकि, हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि नदियों का संरक्षण हमारा धार्मिक और नैतिक कर्तव्य है, " नदियाँ केवल जल की धाराएँ नहीं, बल्कि हमारी पहचान, विरासत और सभ्यता का प्रतीक हैं। इन्हें संरक्षित रखना हमारा सामूहिक दायित्व है।



**मीना सवैया**
**बी.एड, सेमेस्टर-1 (2025-27)**

## नदी, सभ्यता और संस्कृति

हम सभी जानते है कि नदियाँ संस्कृति और सभ्यता का निवास स्थान रही है। प्राचीन सभ्यताओं का विकास ज्यादातर नदियों के किनारे ही हुआ है, नदियों और संस्कृति का सम्बन्ध भी काफी अटूट और प्राचीन है। सिंधु घाटी सभ्यता, जिसको हिन्दू सभ्यता और हड़प्पा सभ्यता से भी जाना जाता है। यह हमारे भारतीय उपमहाद्वीप की पहली शहरी सभ्यता था। सिंधु घाटी सभ्यता, सिंधु नदी और सहायक नदियों के किनारों में उपजाऊ मैदानों का विकास और जल प्रबंधन के साथ ही साथ नावों के माध्यम से व्यापार के लिए प्रसिद्ध हुआ। इसी प्रकार मेसोपोटामिया जो दो नदियों के बीच का भूमि ढलान और उपजाऊ मिट्टी का निरंतर स्रोत था, जहां पर दुनिया का पहला शहर विकसित हुआ। नील नदी के किनारे मिस्र की सभ्यता विकसित हुई थी। यह सभ्यता कला, धर्म, गणित और चिकित्सा के लिए मानी जाती है। गंगा नदी को संस्कृत साहित्य में सबसे पवित्र माना गया जो मोक्षदायिनी और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक है। यह भारतीय संस्कृति और सभ्यता का आधार है। नदियाँ सभ्यता को पोषण देती है और संस्कृति नदियों को सम्मान और पहचान प्रदान करती है।



**सुनिल सरदार**
**बी.एड, सेमेस्टर-1 (2025-27)**

# कल-कल निनाद

जिस तरह माँ हर दिन हमें भरण पोषण करती आ रही है, ठीक उसी प्रकार प्राचीन काल से ही नदियाँ माँ की तरह ही हमारा भरण पोषण करती आ रही है । नदियों की वजह से सभ्यताएं पनपती है, गाँव और शहर बसते है । ये नदियों का कल कल निनाद करता हुआ जल ही है जो मनुष्य और धरती की प्यास बुझाती हैं। इसके अलावा, हम जब भी समस्या से उलझे होते है तो इन माता स्वरूपा नदी पास जाकर ही सुकून और शांति की तलाश करते है। अंत में जीवन की अंतिम यात्रा भी इन्हीं नदियों की गोद में खत्म होती है।

इस आधुनिक युग में तेज़ी से हो रही जनसंख्या वृद्धि के कारण घरेलू, औद्योगिक और कृषि के क्षेत्र में नदियों के जल की मांग बढ़ रही है जिसके कारण इसकी गुणवत्ता प्रभावित हुई है। दूसरी ओर, उद्योगों का प्रदूषण और अपरिष्कृत कचरे को नदियों में डालने से वे प्रदूषित हो रही है, लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि निःस्वार्थ भाव से मानव जाति को अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाली इन नदियों को बदले में क्या मिल रहा है? हम इन्हें बदले में दे रहे हैं प्लास्टिक, कचरा और गंदगी। शायद ईश्वर के इस अनमोल खजाने को सहेजने के लिए हम गंभीर नहीं है क्योंकि हमें इनकी महत्ता का अंदाज़ा नहीं है। जिस दिन हम पूरी तरह से इनके महत्व को समझ जाएंगे उस दिन खुद से नदियों को स्वच्छ और संरक्षित रखना शुरू कर देंगे।










## "Protecting water means protecting life and the environment"




**Rakesh Laguri**
B.Ed (2025-27)



**Sunil Sardar**
B.Ed (2025-27)




**Payal Kumari**
B.Ed (2025-27)




**Priya A. Trivedi**
B.Ed (2025-27)



**Meena Sawaiyan**
B.Ed (2025-27)




**Nutan Surin**
B.Ed (2025-27)

# रंभा शैक्षणिक संस्थान में राष्ट्रीय कार्यशाला की तैयारी शुरू

**लोक मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह के अंतर्गत रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं रंभा कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आगामी शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यशाला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यशाला का मुख्य विषय हमारी नदियां, हमारा भविष्य, हमारी संस्कृति रखा गया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना है। मंगलवार को कार्यक्रम की सफलता पर संस्थान के अध्यक्ष राम बचन के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक में कई आवश्यक निर्णय लिए गए। संस्थान के सचिव गौरव बचन ने इस विषय को वर्तमान पर्यावरणीय परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा जल संरक्षण आज के समय सबसे बड़ी आवश्यकता है। वहीं, प्राचार्या डॉ. कल्याणी कबीर ने बताया कार्यशाला के दौरान विषय आधारित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया जाएगा। पुस्तिका में बी.एड., स्नातक, नर्सिंग एवं फार्मेसी के व्याख्याताओं और विद्यार्थियों के विचारों के साथ-साथ आमंत्रित अतिथियों के लघु आलेख भी प्रकाशित किए जाएंगे। कार्यशाला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञ वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जिनमें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से डॉ. डी.एन. तिवारी, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से रिवर साइंटिस्ट डॉ. विश्वजीत बेरा, कोलकाता से देवाशीष घोष, शहर के पर्यावरणविद् गौरव आनंद, कोल्हान विश्वविद्यालय के एम.एड. विभाग से डॉ. सुचित्रा बेहरा एवं डॉ. मनोज कुमार, एलबीएसएम कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. दीपांजय श्रीवास्तव और पर्यावरणविद् एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता परमार शामिल होंगे। सहसचिव विवेक बचन ने कहा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समय-समय पर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन शैक्षणिक सहयोग और फैकल्टी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। संस्थान परिवार इस राष्ट्रीय कार्यशाला को सफल बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं।

# रंभा शैक्षिक संस्थान में विश्व पुस्तक दिवस पर संगोष्ठी, पुस्तकों की महत्ता पर चर्चा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** रंभा शैक्षिक संस्थान में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पुस्तकों के महत्व और ज्ञान के संरक्षण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। गुरुवार को कार्यक्रम में संस्थान की प्राचार्या कल्याणी कबीर ने कहा पुस्तकें लेखक के विचारों का समाहार होती हैं और ज्ञान प्राप्ति का सबसे सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर छात्रों ने भी प्रस्तुतियाँ दीं। नित्या झा ने पीपीटी के माध्यम से डिजिटल युग में पुस्तकों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जबकि स्वरूप मंडल ने पुस्तकों के ऐतिहासिक विकास पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ सुमन लता ने विद्यार्थियों को रामायण, गीता और उपनिषद जैसे ग्रंथों के अध्ययन के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन लाइब्रेरियन दीपाली मंडल द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गंगा भोला ने किया। कार्यक्रम में कई शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पृथ्वी दिवस पर गूंजी प्रकृति प्रेम की धुन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**पोटका।** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बुधवार को 'विश्व पृथ्वी दिवस' के अवसर पर ३हमारा ऊर्जा, हमारा ग्रह३ के अंतर्गत प्रकृति की गोद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण काव्य पाठ रहा। जिसमें विनीता, मीना सैवया, लक्ष्मी देवगन, पार्वती, श्वेता कुमारी गोप, उर्मिला एल्डा, नितिशा बाजे, काजल कुमारी, सुषमा हेंब्रम, सोनिया सोरेन, ललिता, रानी ,अर्निका पिंगुआ, निशा पाड़िया, लक्ष्मी बिरुवा ने कविताओं के माध्यम से प्रकृति की सुंदरता और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। छात्रों की कविताओं में धरती को बचाने की पुकार और पर्यावरण के प्रति अगाध प्रेम साफ झलक रहा था।

काव्य गोष्ठी और व्याख्यान के पश्चात, सभी छात्रों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ एवं सुरक्षित रखने हेतु सामूहिक संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस समन्वयक डॉ. भूपेश चंद की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रिंसिपल डॉ सुरेंद्र कुमार दुबे ने पर्यावरण के बारे संबोधन किया। कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज के सभी संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में छात्र परिषद का गठन, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**लोक मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) के चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता और अनुशासन के साथ निर्धारित नियमों के तहत आयोजित की गई। चुनाव परिणामों के अनुसार छात्र राकेश लागुरी को अध्यक्ष (प्रेसिडेंट) चुना गया। सुबल मंडल और दशरथ भकत को उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट), अर्जुन कुमार मुर्मू को महासचिव (जनरल सेक्रेटरी), छात्रा रानी सवैंया को अनुशासन सचिव (डिसिप्लिन सेक्रेटरी), सुकांति कुमारी को सांस्कृतिक सचिव (कल्चरल सेक्रेटरी) तथा भवानी कुंकल को खेल सचिव (स्पोर्ट्स सेक्रेटरी) के पद पर नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार दूबे द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री राम बचन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि नेतृत्व और सेवा का अवसर है।

# रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन शैक्षणिक गुणवत्ता पर किया गया एम ओ यू

**लोक मंत्र संवाददाता**



**पोटका।** रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन महर्षि बाल्मीकि हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह दिन छात्रों और संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और जानकारी भरे सत्रों से भरपूर रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रवेश द्वार पर विशेषज्ञ के हार्दिक स्वागत से हुआ। इसके बाद तीसरा तकनीकी सत्र शुरू हुआ, जिसमें सम्मानित अतिथि वक्ता, प्रो. डॉ. कल्याण कुमार ने जापान में रोजगार के अवसरों पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इस सत्र में जापान में काम करने के इच्छुक नर्सिंग पेशेवरों के लिए अंतरराष्ट्रीय कैरियर की संभावनाओं, आवश्यकताओं और मार्गों के बारे में गहन जानकारी प्रदान की गई। चौथा और अंतिम तकनीकी सत्र एक खुली चर्चा मंच के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर अध्यक्ष महोदय राम बचन ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को रोजगार और उससे संबंधित कौशलों को विकसित करने हेतु समझ विकसित करेगा। सेमिनार के समापन पर प्रबंधन के साथ एक बैठक आयोजित की गई।






















# RAMBHA GROUP OF INSTITUTION

विद्यैव सर्वधनम

## COURSES OFFERED

**M.Sc.Nursing* | Post Basic Nursing | B.Sc.Nursing | GNM**
**ANM | D. Pharm | B.Ed | D.El.Ed | B.Sc | BA**
**B.Com | B.Sc.IT | BBA | BCA | I.T.I**

9102999123, 9102999124

rambhabedcollege.ac.in